

नवभारत
इंदौर, मंगलवार, 26 मई 2026


# पिपलियामंडी में गरजा बुलडोजर, वर्षों पुराने अतिक्रमण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

- कृषि मंडी क्षेत्र में दिखा भूकंप सा मंजर, व्यापारियों और प्रशासन में हुई तीखी नोकझोंक
- किसान नेता जोकचन्द ने रुकवाई मुहिम, सीएमओ ने कहा 10 दिनों तक चलेगा बुलडोजर

**पिपलियामण्डी।** पिपलियामंडी नगर में वर्षों से मुख्य मार्ग पर फैले अतिक्रमण के खिलाफ सोमवार को प्रशासन ने अब तक की सबसे ब?ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया। इससे व्यापारियों को खासा नुकसान हुआ। मंडी क्षेत्र में कार्रवाई के बाद भूकंप से नजारा दिखा। नगर परिषद, पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कृषि उपज मंडी गेट 2 से यह मुहिम शुरु की।

सड़क किनारे व नाले पर किए गए अवैध कब्जों, टीन शेड, और अस्थायी निर्माणों को हटाया। कार्रवाई के दौरान पूरे नगर में अफरा-तफरी और हड़कंप का माहौल बना रहा। कार्रवाई शुरु होते की कई व्यापारियों दुकानों के आगे लगे टीनशेड व अतिक्रमण हटाते नजर जाए। सुबह करीब साढ़े 11 बजे जैसे ही नगर परिषद का पीला पंजा मुख्य मार्ग पर पहुंचा, दुकानदारों और व्यापारियों में हलचल मच गई। प्रशासनिक अमले और स्थानीय लोगों के बीच कई स्थानों पर तीखी बहस और नोकझोंक की स्थिति भी बनी। जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी गेट 2 के पास अमला पहुंचा। पार्षद बाबू मंसूरी के भाई की गुमटी से अतिक्रमण हटाओ मुहिम की शुरुआत की गई।

एसडीएम स्वाति तिवारी, तहसीलदार ब्रजेश मालवीय, चौकी प्रभारी भीमसिंह राठौड़, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सेन, पटवारी विंकेश पाटीदार सहित पुलिसकर्मी, नगर परिषद्कर्मी व राजस्वकर्मी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि नगर का मुख्य मार्ग लंबे समय से



अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहा था। सड़क किनारे दुकानों के बाहर नाले के उपर तक बढ़ाए गए टीन शेड, नाले के ऊपर तक फैला सामान और अस्थायी कब्जों के साथ ही लोगों ने नाले के आगे सड़क तक सामान जमा दिए थे। इस कारण आए दिन जाम और दुर्घटनाएं हो रही थीं। यह मार्ग नगर का सबसे व्यस्त मार्ग माना जाता है, जहां से यात्री बसों सहित भारी वाहनों का आवागमन लगातार बना रहता है। स्थानीय नागरिक लंबे समय से प्रशासन से अतिक्रमण हटाने की मांग कर रहे थे। नगर परिषद अध्यक्ष इंदिरा सुनील देवरिया द्वारा पूर्व में व्यापारियों की बैठक आयोजित कर उन्हें अतिक्रमण हटाने की समझाइश दी गई थी।

नगर परिषद कार्यालय में हुई बैठक में व्यापारियों को स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि यदि उन्होंने स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाया तो प्रशासन बलपूर्वक कार्रवाई करेगा। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद् पिछले 5 दिनों से अतिक्रमण हटाने के लिए लोगों को आगह कर रही थी, इसको लेकर मुनादी भी करवाई गई। सोशल मीडिया और वाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से भी लगातार सूचनाएं प्रसारित की गई थीं। नगर परिषद का कहना है कि अधिकांश व्यापारियों को पहले से सूचना दे दी गई थी और अभियान पूरी सहमति के बाद शुरू किया गया। प्रारंभ में गांधी चौराहे से अभियान शुरू करने की तैयारी थी, लेकिन व्यापारियों और रहवासियों के विरोध था कि कार्रवाई बीच बजार के बजाए कृषि मंडी या चौपाटी से शुरु की जाए। यहां विरोध का सामना होने के बाद प्रशासन ने कृषि उपज मंडी क्षेत्र से कार्रवाई शुरू की। मंडी रोड पर सबसे पहले दुकानों के बाहर निकले टीन शेड और स?क तक फैले निर्माण हटाए गए।

कई दुकानदारों ने खुद ही अपने शेड और सामान हटाना शुरू कर दिया, जबकि कई स्थानों पर जेसीबी की सहायता से कार्रवाई की गई।

### निरंतर जारी रहेगी अतिक्रमण हटाओ मुहिम

सीएमओ प्रवीण सेन ने बताया कि नगर को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अब भी अतिक्रमण कर रखा है वे स्वेच्छा से उसे हटा लें, अन्यथा प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने साफ किया है कि स?क और नाले की सीमा से बाहर निकले सभी टीन शेड और निर्माण हटाए जाएंगे। नगरवासियों व दुकानदारों को चेतावनी है कि वे नाले पर या इससे बाहर किसी भी प्रकार का सामान रखकर अतिक्रमण नही करे। भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।

आगे के टीन शेड पर चले बुलडोजर से कई व्यापारियों को काफी नुकसान हुआ। अभियान के दौरान व्यापारियों की सूचना पर शाम 4 बजे करीब किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पहले चुने से लाइनिंग कर स्पष्ट किया जाए कि कितना हिस्सा हटाना है, ताकि किसी प्रकार का पक्षपात या विवाद उत्पन्न न हो। जोकचन्द ने कहा कि मुहिम को रोका जाए व अतिक्रमण को चिन्हित कर एक समान निष्पक्ष रुप से कार्रवाई की जाए। इसके बाद मुहिम को स्थगित कर दिया। व्यापारियों ने भी आरोप लगाया कि उन्हें शेड हटाने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला और मजदूरों की कमी के कारण वे समय पर तैयारी नहीं कर पाए। कुछ व्यापारियों ने प्रशासन से एक सप्ताह का अतिरिक्त समय देने की मांग की, वहीं कई लोगों ने कहा कि यदि पहले सीमांकन कर दिया जाता तो विवाद की स्थिति नहीं बनती।

## एक नजर में

### गंगा दशमी पर अंजनी नदी में किया श्रमदान बच्चों से लेकर वरिष्ठजनों ने की सहभागिता



**गरोठ।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशमी के अवसर पर सोमवार प्रातः 7 बजे अंजनी नदी पर वार्ड क्रमांक 11 के नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सामूहिक श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में 100 से अधिक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नदी तट की सफाई कर जल संरक्षण का संदेश दिया। विशेष बात यह रही कि अभियान में 75 वर्ष के वरिष्ठजनों से लेकर 5 वर्ष के छोटे बच्चों तक ने श्रमदान कर जनभागीदारी का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। उपस्थित नागरिकों ने नदी संरक्षण एवं स्वच्छता को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए निरंतर ऐसे अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, उपाध्यक्ष महेश मालवीय, पार्षद राजेश चौधरी, राहुल माइकल, महेश सेठिया, दिलीप धनोतिया, कैलाश धनोतिया, सतीश पाठक, संजय तिवारी, अजय तिवारी, अजय शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, गोपाल कारपेंटर, मोहन कारपेंटर, हरीश जोशी, महेंद्र उदिया, डॉ. रमेश गुप्ता, हरिबाई धनोतिया, प्रेम टेलर, उपयंत्री राहुल गणावा सहित निकाय के सफाई मित्र एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### जल संरक्षण के लिए जनभागीदारी जरूरी : सांसद सुधीर गुप्ता



**मंदसौर।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर पशुपतिनाथ मंदिर स्थित शिवना घाट पर सांसद सुधीर गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में सामूहिक श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, सामाजिक संगठनों, पर्यावरण प्रेमियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सहभागिता कर शिवना घाट की सफाई की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि जल के बिना जीवन संभव नहीं है तथा जल जीवन का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि नदियों के संरक्षण एवं स्वच्छता के लिए समाज को सामूहिक रूप से आगे आना होगा। भविष्य में जल संकट से बचने के लिए जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने किसानों को ड्रिप सिंचाई अपनाने के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया। सांसद श्री गुप्ता ने कहा कि शिवना नदी में जनसहभागिता से चलाया गया स्वच्छता अभियान प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ अभियान घोषित हो चुका है। उन्होंने स्वच्छता को केवल नदी तक सीमित न रखते हुए मन की स्वच्छता पर भी बल दिया। कार्यक्रम के अंत में सांसद श्री गुप्ता ने उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण एवं मां शिवना को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई।

## प्रेम करना है तो भगवान से करो, यह फलदाई और सुखदाई होता है : स्वामी केशवानंद

**मंदसौर।** पुरूषोत्तम (अधिक) मास के अवसर पर केशव सत्संग भवन, खानपुरा में पुरूषोत्तम (अधिक) मास के शुभ अवसर पर पूज्य पाद केशवनानंद महाराज चिन्मय मशीन आकोला ने नारद भक्ति सूत्र पर आधारित दिव्य प्रवचनों का आयोजन सुबह 8.30 बजे से 10 बजे तक हो रहा है।

जानकारी अनुसार सोमवार को नारद भक्ति सूत्र का वाचन करते हुए केशवनानंद जी महाराज चिन्मय मशीन आकोला ने बताया कि नारद मुनि बताते है कि प्रेम करना है तो भगवान से करों यह फलदाई और सुखदाई होता है लेकिन सांसारिक मनुष्य भगवान के स्थान पर भौतिक वस्तुओं से प्रेम करने लगता है पहले यह सुखदाई लगता है लेकिन वास्तव में भोग विलास की प्रत्येक वस्तु हमारे दुख का बडा कारण है। आपने कहा कि सभी जगहों से मन को समेटकर भगवान में लगाना चाहिए फिर हमारा जीवन सुखमय हो जायेगा। मनुष्य ऐसा नहीं करते हुए अपने मन को सांसारिक चीजो में लगाके रखता है भगवान का सत्संग सुनने भी आयेगा तो उसका मन व्यापार, परिवार में लगा रहेगा ऐसा करने से उसकी भक्ति पूर्ण नहीं हो पाती। आपने बताया कि इस दुनिया में भगवान को छोडकर कोई चीज सुख नहीं दे सकती भौतिक चीजों से सुख मिलेगा यह केवल हमारा भ्रम होता है। प्रेम दर्शन में नारद मुनि भक्ति सूत्र के माध्यम से यही बताना चाह रहे है कि सबसे ब?ा सिर्फ ईश्वर है और भक्ति मार्ग से भगवान से प्रेम कर भगवान को प्राप्त किया जा सकता है। आप ने बताया कि आज संसार में शरीर को विश्राम देनी की हजारों वस्तुएं है आज कल तो उठकर पंखा भी बंद नहीं करना प?ता वह भी रिमोट वाला आ गया है शरीर को विश्राम देने के कई विकल्प है वैज्ञानिक भी इस पर दिन रात काम कर रहे है लेकिन मन को विश्राम देने पर कोई विचार नहीं करता मन को विश्राम दोगे तभी असली सुख मिलेगा।

## भानपुरा में खिलाड़ियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

- खेल मैदान की मांग को लेकर युवाओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**भानपुरा। नगर में खेल मैदान की मांग को लेकर मस्त क्रिकेट क्लब के बैनर तले खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों, विद्यार्थियों एवं नगरवासियों ने तहसीलदार भानपुरा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर के युवाओं के लिए शीघ्र खेल मैदान उपलब्ध कराने की मांग की गई।**

ज्ञापन में बताया गया कि भानपुरा एवं आसपास क्षेत्र के सैकड़ों युवा प्रतिदिन पुलिस, सेना, खेलकूद एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अभ्यास करने आते हैं, लेकिन नगर में उचित खेल मैदान नहीं होने के कारण उन्हें सड़कों एवं असुरक्षित स्थानों पर अभ्यास करना पड़ रहा है। इससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। युवाओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

खेल प्रेमियों ने बताया कि नगरपालिका परिषद भानपुरा द्वारा पूर्व में भी बड़े स्कूल परिसर के पास खेल मैदान हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए राजस्व विभाग को पत्र लिखा गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जबकि जिले की अधिकांश तहसीलों में खेल मैदान बनाए जा चुके हैं।

ज्ञापन में मांग की गई कि शासकीय सुभाष उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय के नए भवन में स्थानांतरण के बाद वर्तमान विद्यालय परिसर को खेल मैदान के रूप में युवाओं को उपलब्ध कराया जाए, जिससे खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर खेल सुविधाएं मिल सकें।

मस्त क्रिकेट क्लब के कप्तान यूनुस खान ने कहा कि खेल मैदान की मांग को लेकर पूर्व में भी कई बार आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने इसे खेल प्रेमियों की ओर से अंतिम ज्ञापन बताते हुए कहा कि मांग पूरी नहीं होने पर व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन का वाचन डॉ. नीरज राठौर द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में खिलाड़ी, युवा, विद्यार्थी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## भगवान शालिग्राम की बारात शाही ठाठ-बाट और गाजे-बाजे के साथ निकली

**सीतामऊ।** पुरुषोत्तम माह के पावन अवसर पर सोमवार को भगवान शालिग्राम जी की भव्य बारात शाही ठाठ-बाट, गाजे-बाजे एवं धार्मिक उल्लास के साथ निकाली गई। ऐतिहासिक चल समारोह रात्रि 10 बजे श्री गोवर्धन नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर सदर बाजार, राजवाड़ा चौक, हॉस्पिटल रोड, लदूना चौराहा, बस स्टैंड एवं खेड़ा रोड चौराहा होते हुए शहनाई गार्डन पहुंचकर संपन्न हुआ। नगर में पहली बार इतने भव्य स्वरूप में निकली भगवान शालिग्राम की बारात को देखने एवं स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े।

चल समारोह में सबसे आगे भगवा ध्वज लिए घुड़सवार दीपक डोशी आकर्षण का केंद्र रहे। बैंड-बाजों, ढोल-धमाकों एवं धार्मिक जयकारों के बीच युवा, महिलाएं एवं नागरिक थिरकते हुए चल रहे थे। जगह-जगह आतिशबाजी एवं पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया गया। पोरवाल समाज, सिंधी समाज,



ब्राह्मण समाज सहित विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों ने श्रद्धापूर्वक स्वागत-सत्कार किया।

आयोजन में निमा समाज एवं सकल समाज की विशेष सहभागिता रही, जबकि माहेश्वरी परिवार ने अग्रणी भूमिका निभाई। जीवन रेखा चंचावत ने भगवान शालिग्राम के माता-पिता तथा पुरुषोत्तम-सुशीला देवी माहेश्वरी ने तुलसी महारानी के माता-पिता की भूमिका निभाई।

चल समारोह में भागवत आचार्य विजय शंकर द्विवेदी, मंदिर पुजारी विजय द्विवेदी, प्रकाश हरगो?, कैलाश साखी, सत्यनारायण चंचावत, गोविंद नीमा, मनीष नीमा, सोहनलाल कंठाली, दिलीप चंचावत, कैलाश नीमा, गोपाल नीमा, पंकज नीमा सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शुक्ला, गौशाला समिति अध्यक्ष संजय जाट, विजय गिरोठिया, भैरूलाल राठौड़, कैलाश सोनी, जगदीश सेठिया, राजेश गरोठिया, चेतनदास पागानी, महेश गुप्ता, जितेंद्र घाटिया, नरेंद्र दुबे, नवीन द्विवेदी, राजेश पालीवाल, सुनील परमार, पूरणदास बैरागी, राजेंद्र राठौड़ सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं नगरवासी शामिल हुए।

शहनाई गार्डन में बारात का भव्य स्वागत किया गया, जहां आचार्य प्रदीप द्विवेदी के सानिध्य में भगवान शालिग्राम एवं तुलसी महारानी का विवाह विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। विवाह उपरांत शाम 4 बजे बारात पुनः प्रस्थान होकर श्री गोवर्धन नाथ मंदिर पहुंची, जहां दूल्हा-दुल्हन का मंगल प्रवेश कराया गया।

## ग्राम सेमरोल, टोकडा और किशोरपुरा में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित

**मंदसौर।** टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत ग्राम सेमरोल, टोकडा एवं किशोरपुरा में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई तथा स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया।

शिविर में कुल 627 मरीजों की ओपीडी की गई। इनमें 415 पुरुष एवं 207 महिलाओं ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर के दौरान 395 एक्सरे किए गए, जिनमें 14 एक्सरे एब्नार्मल पाए गए। साथ ही 37 स्पूटम कलेक्शन एवं 39 सीवाई टेस्ट किए गए।

AXIS BANK

महत्वपूर्ण घोषणा

हम अपना पता बदल रहे हैं

कायरा मे ऐक्सिस बैंक की शाखा २७ जुलाई २०२६ से नए स्थान पर स्थानांतरित हो जाएगी।

वर्तमान पताः

ऐक्सिस बैंक लि., ग्राउंड फ्लोर, कोटा आगर रोड, ग्राम कायरा, तहसील सुसनेर, जिला - आगर मालवा, मध्य प्रदेश - ४६५४४७ ।

नया पताः

ऐक्सिस बैंक लि., सर्वे नं. 113/1, भूतल, कोटा आगर रोड, विजय श्री होटल के पास, ग्राम कायरा, तहसील सुसनेर, जिला आगर मालवा, मध्य प्रदेश - ४६५४४७ ।

हम आपका स्वागत करने के लिए तत्पर हैं।

**एक नजर**

**अभा जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की प्रादेशिक त्रैमासिक बैठक और शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न**

## समाज संगठन, शिक्षा, युवा सहभागिता और सामाजिक एकता पर विशेष जोर

**मंदसौर।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा दिल्ली के तत्वावधान में जिला सभा मंदसौर द्वारा आयोजित प्रदेश सभा मध्यप्रदेश की त्रैमासिक बैठक एवं नवगठित जिला कार्यकारिणी व महिला प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रविवार 24 मई 2026 को कुशाभाऊ ठाकरे प्रेक्षागृह, राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों, महिला एवं युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की



उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा एवं महर्षि अंगिरा के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रभु दयाल बरनेला, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभु दयाल देने, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, मुख्य चुनाव अधिकारी प्रवीण शर्मा, महासभा के महामंत्री सांवरमल जांगिड़, प्रदेश मंत्री अनिल शर्मा, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया शर्मा, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शर्मा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कपिल शर्मा, रतनलाल जांगिड़, रतनलाल लाडवा एवं मूलचंद शर्मा बेटमा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अतिथियों ने अपने संबोधन में समाज को संगठित होकर शिक्षा, संस्कार, सामाजिक समरसता और युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि जांगिड़ समाज प्रतिभा, परिश्रम और संस्कृति का प्रतीक है तथा संगठित समाज ही विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने युवाओं को समाज सेवा एवं संगठन से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए महिला शक्ति की सहभागिता को भी समाज की प्रगति के लिए आवश्यक बताया।

इस अवसर पर नवगठित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के दौरान उपस्थित समाजबंधुओं ने संगठन के प्रति समर्पण एवं समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया।

समारोह में महिला एवं पुरुष समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे पूरा सभागार सामाजिक एकता एवं उत्साह से ओतप्रोत नजर आया। कार्यक्रम की व्यवस्था एवं संचालन में संयोजक शिवकुमार शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, सुधीर शर्मा एवं नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अनिल तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।